प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 18.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

......................

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान की सभी तैयारियां पूरी–कल 12 सीटों पर डाले जायेंगे वोट।
- मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मतदाताओं से लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का निर्वहन कर मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की।
- सतरंगी सप्ताह के तहत लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण वाले 13 क्षेत्रों में रंगारंग आयोजनों से दिया जा रहा है मतदान जागरूकता का संदेश।
- विश्व विरासत दिवस आज–प्रदेशभर में कई कार्यक्रम।

......................

प्रदेश में लोकसभा की 12 सीटों पर पहले चरण के लिए होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। पहले चरण के तहत गंगानगर, बीकानेर, चुरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, भरतपुर, करौली–धौलपुर, दौसा और नागौर सीटों पर कल मतदान होगा।

......................

मतदान के दौरान निर्वाचन फोटो पहचान पत्र नहीं होने पर मतदाता वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर भी वोट डाल सकेंगे। निर्वाचन विभाग के अनुसार 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज में से कोई एक दस्तावेज दिखाना होगा। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक और डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है। कल मतदान वाले 12 लोकसभा क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। आदेश के तहत सभी निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, तथा व्यवसाय में कार्यरत कामगारों को मतदान दिवस का सवैतनिक अवकाश दिया जायेगा।

......................

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण से पहले मतदाताओं से अपनी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की है। श्री कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि लोगों की सक्रिय भागीदारी की बदौलत ही देश में नियमित और सुचारू ढंग से चुनाव संपन्न हो रहे हैं। चुनाव को लोकतंत्र का उत्सव बताते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने युवाओं से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का आह्वान किया है।

......................

आकाशवाणी जयपुर पर आज राज्य के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल के साथ विशेष बातचीत प्रसारित की जायेगी। एक घंटे का ये विशेष फोन इन कार्यक्रम सुबह 10 बजे से 11 बजे तक 101.2 एफएम आमेर चैनल और पूरे स्टेट हुक अप पर प्रसारित होगा। श्रोता जयपुर के कोड नम्बर 0141 के साथ फोन नम्बर 2200 600, 2200 700, 2200 800 और 2366477 पर डायल कर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक से लोकसभा चुनाव के दौरान तथा मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा की दृष्टि से किये जा रहे प्रबंधों के संबंध में सवाल पूछ सकते हैं।

......................

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण वाले प्रदेश के 13 क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आयोजित किये जा रहे सतरंगी सप्ताह के तहत आज सवाई–माधोपुर में श्रम विभाग की ओर से मजदूरों और दिहाड़ी मजदूरों को म्यूजिकल बैंड के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। प्रेम मंदिर सिनेमा के पास चौखटी पर श्रमिक मतदाताओं के साथ मतदान शपथ का कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले कल प्रतापगढ में लोकनृत्य कार्यक्रम हुआ। इसमें 'सबसे पहले वोट दो' संगीत पर विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुति दी।

इसके अलावा कविता पाठ भी किया गया। कोटा के बारादरी में गाड़ियां लोहार सहित अन्य घुमंतु समुदाय, और लोक कलाकारों ने अपने–अपने तरीके से मतदान का मोल समझाते हुए 26 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। बाड़मेर में म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता और मतदाता जागरूकता गीतों के माध्यम से आमजन से मतदान करने की अपील की गई। इस बीच अन्य स्वीप गतिविधियों के तहत कल जयपुर में टोंक रोड स्थित नेहरू गार्डन में लोक कलाकारों ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से मतदान की अलख जगाई। कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी। बारां में जिला निर्वाचन अधिकारी ने दो जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाई। ये रथ जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को मतदान के लिये प्रेरित करेंगे।

.......................

सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ ने प्रदेश के अनूपगढ में भारत–पाक सीमा पर मादक पदार्थ ले जा रहे एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया है। ड्रोन से 13 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की गई। ड्रोन को गिराने के बाद तलाशी अभियान भी चलाया गया। बीएसएफ अधिकारियों ने ड्रग्स और ड्रोन को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को सौंप दिया है।

.......................

करौली के श्री महावीर जी कस्बे में आज से जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का वार्षिक मेला शुरू हो रहा है। मेले की शुरुआत मुख्य मंदिर के प्रागण में ध्वजारोहण के साथ की जाएगी। देशभर के विभिन्न राज्यों से जैन धर्मलंबियों का पहुंचना शुरू हो गया है।

.......................

आज विश्व विरासत दिवस है। यह दिन विश्व में मानव सभ्यता से जुडे एतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस अवसर पर आज राजधानी जयपुर के संग्रहालयों और स्मारकों में पर्यटकों के लिए प्रवेश निशुल्क रहेगा। साथ ही पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों का राजस्थानी परंपरा के अनुसार तिलक लगा स्वागत किया जाएगा। पुरातत्व विभाग के निदेशक डॉ. पंकज धीरेन्द्र ने बताया कि शहर के जंतर–मंतर, अल्बर्ट हॉल, हवा महल, आमेर महल और नाहरगढ़ जैसे पर्यटन स्थलों पर लोक कलाकार राजस्थानी लोकरंग की प्रस्तुति भी देंगे। इस मौके पर प्रदेशभर में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। **जैसलमेर** में ग्रामीण हाट बाजार स्थित दी थार हेरिटेज म्यूजियम पर पर्यटकों का भ्रमण निशुल्क रहेगा। इस दौरान परिचर्चा आयोजित की जायेगी। साथ ही संग्रहित लोक विरासत और संस्कृति की व्याख्या की जाएगी। बारां में भारतीय सांस्कृतिक निधि की ओर से राजकीय संग्रहालय में सेमीनार का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मांडना प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी।

.......................